## खंडवा क्षेत्र में जोन स्तरीय निरंकारी

# महिला संत समागम का भव्य आयोजन

**पीपुल्स प्रवक्ता, खंडवा।**

संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित जोन स्तरीय महिला संत समागम का भव्य आयोजन 29 जून को स्थानीय नक्षत्र गार्डन, नवकार नगर में दोपहर 11:30 से 3:00 बजे तक हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को आध्यात्मिकता से जोड़ते हुए उनमें प्रेम, करुणा, सहनशीलता और आत्मविश्वास जैसे मानवीय मूल्यों को जाग्रत करना था। समागम की अध्यक्षता राजस्थान केकड़ी से पधारी आदरणीय बहन आशा रंगवानी ने की। उन्होंने अपने प्रेरणादायक विचारों में कहा कि नारी का सम्मान ही सभ्यता की पहचान है*, जिस घर में नारी का सम्मान होता है वहां ईश्वर का वास होता है, सब खुशियां और सुख प्राप्त होते है। *एक को जानो एक को मानो और एक हो जाओ* श्वासो के रहते ईश्वर की पहचान कर उनसे जुड़ना जरूरी है।ये ईश्वर सर्वत्र व्याप्त है । जिसकी पहचान ब्रह्मज्ञान द्वारा संभव है।हर प्राणियों में इसी का वास है,इसलिए सभी का सम्मान, उनसे प्यार और मिलवर्तन वाले भाव से जीवन व्यापन करना चाहिए। सभी धर्म के भेद , उचनीच के भेद को त्याग कर ,एक ईश्वर की संतान है उसी रूप में देखना चाहिए।





### मानव हो मानव को प्यारा ,एक दूसरे का बने सहारा

परिवार से एक नारी जब आध्यात्म से जुड़ती है तो ,उसके माध्यम से पूरा परिवार जुड़ता है। क्योंकि स्त्री ही परिवार की नींव है । इनके माध्यम से पूरे परिवार में जागरूकता आती है , प्रेम मिलवर्तन आदि समस्त मानवीय गुण परिवार मेंआते है।

आध्यात्म हमे ये भी सीखता है कि मानव परमात्मा की सर्वोत्तम रचना है चाहे पुरुष हो या महिला दोनों को समानता के भाव से से स्वीकारिता देना है । महिलाओं को बराबर का स्थान ही देना चाहिए ,वो चाहे समाज में हो या , परिवार में हर समय और हर स्थान पर।

आध्यात्मिक ज्ञान हमें न केवल जीवन में सकारात्मक सोच की ओर अग्रसर करता है, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी देता है। जब महिलाएं स्वयं जागरूक होंगी, तभी वे अपने परिवार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकेंगी।

इस महिला समागम में खंडवा सहित इंदौर, बुरहानपुर, पीथमपुर, नंदबाग, महू, खरगोन, भटियान, गंनगाव, सनावद, बसीपीपरी, सागौरकुटी, शीतलनगर, निंबोला और जैनाबाद आदि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं एवं बहनें सम्मिलित हुई।

यह आयोजन जोनल इंचार्ज आदरणीय श्री उदयवीर सिंह तथा खंडवा के मुखी महात्मा रवि आनंद जी के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, इन्होंने सभी सेवादारों एवं प्रशासन के सकारात्मक सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद प्रकट किया।

## निःशुल्क प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर में 11 हजार से अधिक लोगों की हुई जाँचे



**पीपुल्स प्रवक्ता, इन्दौर ।**

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर गैर संचारी रोगों की रोकथाम के लिये इंदौर में स्वास्थ्य विभाग और अरविंदो मेडिकल कॉलेज द्वारा प्रीवेंटिव हेल्थ केयर कार्यक्रम के तहत जून माह में 13 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये गये। जिसमें 11 हजार से अधिक लोगों की जाँच की गई। इसमें हार्ट, लिवर, कैंसर, टीबी, हड्डी एवं गठिया रोग, दंत रोग एवं नेत्र रोगों आदि से जुड़ी अत्याधुनिक जाँचें की गई। इन जाँचों में मुख्य रूप से कॉर्डियोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी, टीबी चेस्ट स्क्रीनिंग, गाइनेक स्क्रीनिंग, ब्रेस्ट लंप स्क्रीनिंग, ईसीजी, फाइब्रोस्कैन, चेस्ट एक्सरे, ईको, यूएसजी, मैमोग्राफी, कॉल्पोस्कोपी, पेपस्मियर, आर्थो, ऑप्थेल चेकअप, डेंटल चेकअप, एचबी, आरबीएस, एसजीपीटी, एसजीओटी, लिपिड प्रोफाइल और जनरल मेडिसिन जाँचें शामिल थी। फाउंडर चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि संभागायुक्त की पहल पर आयोजित किए गए इन प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप कैंप्स में जाँचों के दौरान ऐसे मरीजों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया जो फिलहाल किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं अथवा जिनके निकट भविष्य में किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने की आशंका है।

# नरसिंहपुर से स्वतंत्र समय के जिला ब्यूरो हुए सम्मानित

## वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश में वैश्य विभूति अलंकरण से अलंकृत किया, डॉक्टर, पत्रकार, समाजसेवी हुए सम्मानित

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

विगत दिवस देश प्रदेश में समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के द्वारा समय-समय पर अपने बीच के समाज सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान किया जाता है, जिससे आने वाली पीढ़ी को उसका अनुसरण कर सके, तत्पश्चात वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जिला सम्मेलन नरसिंहपुर होटल सावित्री सिंग्नेचर में नरसिंहपुर जिले के समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने वाले एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में समाचार के माध्यम से समाज सेवा करने वाले विशिष्टजनों का सम्मान किया गया, इसीक्रम में चिकित्सा के कार्यक्षेत्र एवं साहू समाज व समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने वाले डॉक्टर के के साहू , पत्रकारिता के क्षेत्र में पत्रकार संजय जैन दैनिक स्वतंत्र मत, साहू समाज से युवा अध्यक्ष व पत्रकार मनीष साहू बंटी दैनिक स्वतंत्र समय भोपाल , फोटोग्राफर व समाजसेवी संजय राय का अपने बीच के वरिष्ठजनों का भी सम्मानपत्र समर्पित करते हुए वैश्य विभूति अलंकरण से अलंकृत किया, जिला सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल महिला इकाई प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन प्रदेश महामंत्री सुनील कोठारी जिलाध्यक्ष अजय कुमार जैन - जिला प्रभारी बी.डी. सोनी महिला इकाई जिलाध्यक्ष सपना जैन कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुधीर जैन प्रदेश कर समिति सदस्य मिनेंद्र डागा संभाग उपाध्यक्ष नवनीत चाचा संभाग संगठन - मंत्री अनिल गुप्ता युवा इकाई संभाग अध्यक्ष इंजी. जितेंद्र गुप्ता जिला प्रभारी अमित जैन जिलाध्यक्ष आयुष कठल सभी तहसीलों के पदाधिकारीयों, अनेक विशिष्ट जनों की उपस्थिति में यह सम्मान दिया गया, सम्मान समारोह का संचालन संगठन महामंत्री विनीत नेमा एवं नरसिंहपुर तहसील प्रभारी आशीष - नेमा द्वारा किया गया।




# सावन पटेल के नेतृत्व में चल रहे 'एक पेड़ दादाजी के नाम' अभियान बगमार पहुँचा,

## भाजपा कार्यकर्ताओं और सामाजिक बंधुओं ने लिया भाग

**पीपुल्स प्रवक्ता, खण्डवा।**

पर्यावरण जलवायु परिषद खण्डवा द्वारा जिलाध्यक्ष श्री सावन पटेल के नेतृत्व में चलाया जा रहा ÷एक पेड़ दादाजी के नाम÷ महाअभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को यह अभियान ग्राम बगमार में पहुँचा, जहाँ ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भाग्यश्री विक्की गंगराड़े विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी सहभागिता दर्ज की।मुख्य रूप से श्री धन्नालाल पटेल, श्री कमलेश पटेल, श्री सुरेश पटेल एवं श्री विक्की गंगराड़े उपस्थित रहे और सभी ने श्री दादाजी धूनीवाले के नाम पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री सावन पटेल ने कहा कि ÷श्री दादाजी धूनीवाले की तपोभूमि खण्डवा से यह संदेश जा रहा है कि हम आस्था और प्रकृति को एक सूत्र में बाँधकर हरियाली का संकल्प लें।÷ उन्होंने बताया कि यह अभियान 30 जून को मंदिर भूमिपूजन से प्रारंभ होकर 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा तक जिलेभर में चलेगा और हजारों पौधे लगाए जाएंगे।कार्यक्रम में ग्रामीणजन, महिला समूह, युवा कार्यकर्ता एवं विद्यालय के छात्र भी सम्मिलित हुए। पौधारोपण के दौरान पर्यावरण सरंक्षण की शपथ दिलाई गई और भविष्य में पौधों की देखरेख का जिम्मा भी स्थानीय लोगों को सौंपा गया।इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने श्री सावन पटेल के प्रयासों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण की अपील की। कार्यक्रम का समापन सभी के द्वारा एक स्वर में यह संकल्प लेकर किया गया कि ÷दादाजी के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएँगे।



# म.प्र. उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में एक दिवसीय सामुदायिक मध्यस्थता संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता, इन्दौर ।**

मीडिएशन मॉनीटरिंग सब कमेटी एवं म0प्र0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं अध्यक्ष श्री विवेक रूसिया के निर्देशन में म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के कान्फ्रेंस हॉल में विगत दिवस एक दिवसीय सामुदायिक मध्यस्थता संवाद कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

न्यायाधिपति श्री विवेक रूसिया द्वारा कार्यक्रम में पधारे विभिन्न जिले के सचिवों, जिला विधिक सहायता अधिकारियों एवं सामुदायिक मध्यस्थों का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोगों को देखकर मैं भूल जाता हूँ कि मैं इस समिति का अध्यक्ष या न्यायाधीश हूँ। मैं अपने को आपके बीच का पाता हूं एवं अपने आपको मध्यस्थ समझता हूं। उनके द्वारा व्यक्त किया गया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक-दूसरों के साथ अपना अनुभव एवं सुझाव साझा करना है। सामुदायिक मध्यस्थता का कार्य इन्दौर में बहुत हद तक सफल हुआ है एवं इसे उच्च न्यायालय इन्दौर के क्षेत्राधिकार में आने वाले अन्य जिलों में शुरू करने के पश्चात उच्च न्यायालय जबलपुर एवं ग्वालियर के क्षेत्राधिकार में आने वाले जिलों में प्रारंभ करना है। सामुदायिक मध्यस्थता की चर्चा पूरे देश में हो रही है। इन्दौर के कार्य को यथा स्थिति में मुख्य न्यायाधिपति श्री सुजय पाल द्वारा तेलंगाना के विभिन्न जिलों में भी शुरू किया गया है। सामुदायिक मध्यस्थता के 24 केन्द्रों के माध्यम से लगभग 5000 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। पोटेंशियल ट्रेनर डॉ. मो. शमीम द्वारा व्यक्त किया गया कि मध्यस्थता का मूल उद्देश्य पक्षकारों की अपनी इच्छा पर निर्भर करता है। मध्यस्थता के दौरान किसी भी धनराशि की मांग नहीं किया जाना चाहिए। माननीय न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में मध्यस्थता करने से बचना चाहिए।

मध्यस्थता विषय पर चलचित्र के माध्यम से गोपनीयता के संबंध में समझाया गया। विभिन्न समाज के प्रतिभागियों एवं विभिन्न जिलों से पधारे सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सुझाव एवं विचार रखे गए। उक्त कार्यक्रम में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार/सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति खण्डपीठ इंदौर श्री अनूप कुमार त्रिपाठी, ओ.एस.डी. रजिस्ट्रार श्री नीरज मालवीय, माननीय उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले जिले- अलीराजपुर, बड़वानी, देवास, धार, इन्दौर, झाबुआ, नीमच, रतलाम, राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन, मण्डलेश्वर के सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारीगण साथ ही 22 समुदाय के प्रबुद्धजन, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति एवं म0प्र0 उच्च न्यायालय के कर्मचारीगण एवं अधिकारीगण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अन्त में सिंधी, मुस्लिम, ईसाई, अग्रवाल, बैरवा, खटिक, क्षत्रिय, जैन समुदाय के प्रबुद्धजनों को 20 घण्टे का



## किसानों को उन्नत किस्म के बीज और मानक स्तर का खाद मिले- कलेक्टर

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

जिले में खरीफ मौसम के दौरान बोवनी का कार्य तेजी से जारी है। किसानों को समय पर खाद, बीज सहित अन्य कृषि साधन उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज यहां कृषि और इससे जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर कृषि कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री सी.एल. केवड़ा, कृषि तकनीकी प्रबंध संस्थान की परियोजना संचालक श्रीमती सर्ली थामस सहित उद्यान, मण्डी बोर्ड, पशुपालन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले में 2 लाख 52 हजार हेक्टेयर में बोवनी का लक्ष्य था, जिसमें से 2 लाख 27 हजार हेक्टेयर में बोवनी हो चुकी है, जो कुल बोवनी का लगभग 90 प्रतिशत है। इसमें सर्वाधिक प्रतिशत सोयाबीन का है। सोयाबीन की बोवनी 2 लाख 14 हजार हेक्टेयर में होनी थी, जिसमें से 2 लाख 10 हजार हेक्टेयर में हो चुकी है। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने लक्ष्मीबाई नगर कृषि मण्डी को आदर्श मण्डी बनाने के लिये प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

# जिले में बढ़े अपराध, हटाया जाए एसपी को ज्ञापन सौंपा

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

जिले के किसानों की मांगों एवं ज्वलंत समस्याओं के निराकरण एवं जिले में लगातार हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर किसान मजदूर महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विगत एक बर्ष से जो घटनाएं घटित हुई है ओर बेहद बढ़ गई है जिनमें अवैध शराब, गांजा, स्मैक, नारपीट, हत्या, छेड़खानी, दुष्कर्म, चोरी आदि एवं अभी-अभी घटित घटना जिसमें एक परिवार की इकलौती बेटी जो कि अपने परिवार की आर्थिक मदद देतु नर्सिंग कोर्स कर रही थी दिनांक 27.06.2025 के दिन दहाड़े जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में युवक के द्वारा एक 18 वर्षीय युवती की हत्या की गयी है जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते जा रहे है और जिले में लगातार गंभीर अव्याध हो रहे हैं। जिले में लगातार नाबालिगों के साथ बलात्कार व अन्य अपराध यौन शोषण हो रहे हैं जिससे जिले की छवि खराब हो रही है। इसका मुख्य कारण है कि अपराधियों को संरक्षण देला और उनके खिलाफ ठोस कार्यवाही नहीं किया जाना परिलक्षित होता है। पूरे जिले में अवैध तरीके से स्मैक, गाजा, शराब का अवैध व्यापार धडल्ले से चल रहा है जिससे युवा पीढी नशे की लत में दिन प्रतिदिन आती जा रही है और नशे की हालत में सहक दुर्घटनाएँ भी निरन्तर बढ़ती जा रही है। पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते ही ऐसी घटनाएँ बढ़ती जा रही है। ज्ञापन में कहा गया कि इन घटनाओं के लिए एसपी जिम्मेदार हैं उन्हें हटाया जाए।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश में हो रहे गन्ना उत्पादन का 65 प्रतिशत से अधिक सर्वाधिक उत्पादन नरसिंहपुर जिले में होता है इसलिए किसानों का निवेदन है जिसकी मांग किसान ओर महासंघ कई वर्षों से करते आए है कि जिले में सरकारी शुगर मिल बनाई जाए जिससे जिले के किसानों को प्रोत्साहन, उचित व बाजिव दाम, समय पर भुगतान जैसी व्यवस्थाओं के साथ जिले में लोगों को रोजगार भी मिल सके । विधानसभा चुनाव के पूर्व गन्ना किसानों को 50 रुपए प्रति कुंटल बोनस देने की बात कही गई थी लेकिन अभी तक किसानों को बोनस नहीं दिया गया। किसानों के लिए फर्टिलाइजर व कीटनाशक दवाइयां एवं कृषि यंत्रों व उपकरणों को जी एस टी के दायरे से बाहर रखा जाए जिससे किसानों को इसका लाभ मिल सके और कृषि कार्य में लग रही लागते कम हो सके । जिले में आवारा मवेशियों और सर्वाधिक जंगली सूअरों के द्वारा किसानों की फसलों को लंबे समय से चौपट (नष्ट) किया जा रहा है। जिसकी शिकायत भी लगातार किसान ओर महासंघ करते आ रहे हैं, पर उनको नियंत्रण करने के लिए अभी तक कोई उचित कदम शासन प्रशासन द्वारा नहीं उठाया गया है। जिससे किसानों को हर फसल में भारी आर्थिक, क्षति उठाना पड़ती है। कृपया इन्हें नियंत्रित करने उचित कार्यवाही और व्यवस्था या नीति बनाई जाए जिससे किसान अपनी फसल को सुरक्षित रख सके ।

साथ ही किसानों को कृषि कार्य हेतु खेतों में 1 दिन में 6-6 घंटे की शिफ्ट में 10 घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में क्षेत्र को इकाई ना मानकर खेत को इकाई माना जाए, क्योंकि जब किसान की फसल खराब होती है तब उसको फसल बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है क्योंकि इंश्योरेंस कंपनियां हमें जब मुआवजा देती हैं जब हमारे पूरे क्षेत्र की फसलें खराब हो किंतु जब किसी गांव या किसी एक किसान की फसल खराब हो ओर उसका बीमा भी हो तब भी उसे फसल बीमा का मुआवजा नहीं दिया जाता है।मध्यप्रदेश में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 2+50 प्रतिशत के फार्मूले को लागू किया जाए।मध्य प्रदेश में मंडी चुनाव शीघ्र कराए जाएं। ज्ञापन देते समय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिराज पटेल, संभाग उपाध्यक्ष कमल सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी, जिला प्रवक्ता राकेश कुमार, ठाकुर खूब सिंह, सतीश पटेल, मयंक राय, कमलेश पटेल, ठाकुर सिंह पटेल, अभिषेक राय, नरेश कुमार लोधी, अमित पटेल, रामेश्वर पटेल, कुंदन पटेल, खीरसागर यादव, आनंद ओकास, सुनील लोधी, सत्यम पटेल, बाबूलाल पटेल, गोविंद लोधी, अभी ठाकुर, इंदर पटेल, अखिलेश पटेल, हरि साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे ।